हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

11 बाल महोत्सव बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारने व उन्हें अपनी कला...



11 निगाना फीडर टूटी, बीरन में 150 एकड़ धान की फसल जलमग्न



पीएम किसान सम्मान निधि ने किसान व सरकार के बीच रिश्ते को दी नई परिभाषा: सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ऐसी योजना की शुरुआत की, जिसने देश के किसान और सरकार के बीच के रिश्ते को नई परिभाषा दी। वह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना थी, जिससे पहले दिन ही देशव्यापी स्तर पर पहली बार किसान के खाते में सीधे सम्मान राशि पहुंचने की व्यवस्था शुरू हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को भिवानी से प्रदेश के किसानों को 24वीं किस्त जारी करने पर कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी, सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, विधायक घनश्याम सर्राफ, बवानीखेड़ा के विधायक कपूर वाल्मिकी, बाढ़ड़ा के विधायक उमेद पातुवास, डीसी साहिल गुप्ता, एसपी मंयक मिश्रा, महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार आदि मौजूद रहे।



इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुजरात के बनासकांठा से देशभर के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किश्त जारी करने का लाइव प्रसारण दिखाया। मुख्यमंत्री सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि देश के 86 प्रतिशत से अधिक किसान छोटे और सीमांत हैं। छोटे किसानों को बुवाई के समय बीज, खाद और जुताई के लिए धन की आवश्यकता होती थी। मजबूरी में उन्हें ऊंचे ब्याज पर साहूकार से कर्ज लेना पड़ता था, और फसल आने से पहले ही उसकी अधिकांश कमाई का बड़ा हिस्सा कर्ज की भेंट चढ़ जाता था। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों की उस पीड़ा को समझा और संकल्प लिया कि खेती के जरूरी खर्च के लिए किसान को किसी के आगे हाथ न फैलाना पड़े, इसकी शुरुआत छोटे और सीमांत किसानों से हुई और कुछ ही महीनों में यह योजना देश के सभी भूमिधारक किसान परिवारों तक पहुंच गई। प्रधानमंत्री की सोच थी कि किसान समृद्ध एवं मजबूत बने और उसकी आय बढ़े। किसान सम्मान निधि ने किसान को मजबूत करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विश्व की सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) योजनाओं में से एक है। छोटी-छोटी किस्तों से बनी ये धारा आज 4 लाख 47 हजार करोड़ रुपये से अधिक का सागर बन चुकी है। जब कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया की रफ्तार रोक दी थी, तब भी इस योजना से 1 लाख 71 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों तक पहुंची और इस राशि ने गांव की अर्थव्यवस्था का पहिया थमने नहीं दिया।

योजना से 9 करोड़ 34 लाख से अधिक किसान लाभान्वित

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि आज योजना की लगभग हर चौथी लाभार्थी महिला किसान है, जिनके हाथों में 1 लाख 6 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहुंची है। यह सब बिना किसी बिचौलिये, बिना कमीशन, बिना सिफारिश के हुआ है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के बनासकांठा से 24वीं किस्त जारी की हैं। एक बटन दबते ही देश के 9 करोड़ 34 लाख से अधिक किसान परिवारों के खातों में 18 हजार 680 करोड़ रुपये से अधिक राशि पहुंची हैं और इसके साथ ही योजना की कुल राशि 4 लाख 65 हजार करोड़ रुपये के पार हो गई है।

योजना के लिए 3 लाख 15 हजार करोड़ की दी मंजूरी

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि हरियाणा के 16 लाख 23 हजार किसान परिवार भी इस योजना के भागीदार हैं, जिनके खातों में 324 करोड़ 75 लाख रुपये पहुंचे हैं, इनमें भिवानी के 1 लाख 21 हजार किसान परिवारों को 24 करोड़ 20 लाख रुपये मिला हैं। 24 किस्तों में अब तक हरियाणा के किसानों तक 8 हजार 206 करोड़ 36 लाख रुपये पहुंच चुके हैं और ये भरोसा आने वाले वर्षों के लिए भी पक्का किया गया है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2030-31 तक इस योजना के लिए 3 लाख 15 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

नकली बीज व कीटनाशक बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि सब्जी व फल उगाने वाला किसान भी पीछे न रहें, इसलिए भावांतर भरपाई योजना में 21 बागवानी फसलों के संरक्षित मूल्य तय किए, जिससे 49 हजार किसानों को 282 करोड़ रुपये की राशि मिली है। पिछले 12 वर्षों में फसल बीमा और फसल खराबे के मुआवजे के रूप में 16 हजार 160 करोड़ रुपये दिए है। किसान की मेहनत के साथ कोई धोखा न कर सके, इसके लिए नकली बीज और कीटनाशक बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कानून बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना किसानों के लिए सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है।

प्राकृतिक खेती हमारी परम्परा रही: कृषिमंत्री राणा

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को साल में तीन बार दो-दो हजार रुपये की राशि सीधे उनके खाते में भेजी जाती है। छोटा किसान इस महत्व को भली भांति समझता है। सरकार ने किसानों के लिए पराली प्रबंधन के साथ मशीनों की खरीद एवं खाद पर भी सब्सिडी दी जा रही है। कृषिमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती हमारी परम्परा रही है,इसमें गौवंश का विशेष योगदान रहा है। इसलिए हमें किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए, जिससे पशुओं का दूध शुद्ध एवं स्वादिष्ट रहेगा। मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बड़खालसा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना 2019 को यूपी के गोरखपुर से शुरू की थी।

खबर संक्षेप

सांवड़ में टैंट हाउस में लगी आग, सामान राख

चरखी दादरी। जिले के गांव सांवड़ के बस अड्डे के समीप स्थित कौशिक टैंट हाउस में वीरवार रात को अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि टैंट हाउस में रखा अधिकांश सामान इसकी चपेट में आ गया। हादसे में पिकअप डाला, मोटरसाइकिल, कुर्सियां, गद्दे और अन्य सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। टैंट हाउस के मालिक सुभाष कौशिक ने बताया कि रात करीब 10 बजे वे टैंट हाउस से सामान उतारकर घर चले गए थे।

नगरपरिषद के पार्षद को किया नजरबंद

भिवानी। शुक्रवार को पदक विजेताओं के सम्मान समारोह को लेकर जबरदस्त सुरक्षा व्यवस्था रही। इसी क्रम में नगरपरिषद के पार्षद सूर्या तंवर को उनके ही घर पर नजरबंद कर दिया। उनको बाहर नहीं निकलने दिया। चूंकि उन्होंने देवनगर कॉलोनी को वैध कराए जाने की मांग को लेकर सीएम के कार्यक्रम का विरोध जताने का ऐलान किया था। पिछले तीस साल पहले आबाद हुई देवनगर को आज तक वैध नहीं किया गया है।

दुकानों के गल्लों से नकदी चुराने वाला काबू

चरखी दादरी। शहर के विभिन्न बाजारों में दुकानों के गल्लों से नकदी चोरी करने के मामले में थाना शहर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान महेंद्रगढ़ चौक स्थित झुग्गी-झोपड़ी निवासी मनोज उर्फ भोंदू के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

48 किलो से अधिक विस्फोटक सामग्री पकड़ी

चरखी दादरी। दीपावली के मद्देनजर अवैध पटाखों की बिक्री और भंडारण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दादरी पुलिस ने प्रेम नगर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के मकान से 48 किलो 86 ग्राम पटाखे और विस्फोटक सामग्री बरामद की है। आरोपित के पास इसके भंडारण और बिक्री से संबंधित कोई वैध लाइसेंस या परमिट नहीं मिला।

पांच किलोमीटर दौड़ में वेटरन महिला व पुरुषों ने दिखाया दमखम, जीती बाइक व स्कूटी

पंजाब की महिला कबड्डी टीम ने हरियाणा को हराया, धर्मसेना ने स्कूटियां देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पहलवान प्रत्यक्ष ने कुश्ती में हैप्पी बामला को दी पटखनी, धर्मसेना की ओर से सांसद धर्मबीर सिंह ने कबड्डी महिला खिलाड़ियों को स्कूटी, पुरुष खिलाड़ियों को दी बाइक, भीम स्टेडियम के लिए 50 करोड़ रुपये देने पर सांसद धर्मबीर सिंह ने मुख्यमंत्री सैनी का जताया आभार

भीम स्टेडियम में आयोजित एशियाई एवं पैरा एशियाई खिलाड़ियों के राज्य स्तरीय सम्मान समारोह के दौरान धर्मसेना ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का बेहद रोमांचक आयोजन किया। समारोह में वैटर्न महिला और पुरुषों की दौड़, पंजाब एवं हरियाणा की महिला खिलाड़ियों के बीच सर्कल कबड्डी, नामी पहलवालों के बीच कुश्ती और बॉक्सिंग के मुकाबलों ने दर्शकों और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साहभर दिया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह व सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने पंजाब एवं हरियाणा की महिला खिलाड़ियों के बीच सर्कल कबड्डी मैच में टॉस करवाया। इस दौरान सांसद धर्मबीर सिंह के सुपुत्र धर्मसेना राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित चौधरी भी मौजूद रहे। धर्मसेना ने राज्य स्तरीय सम्मान समारोह के दौरान बड़े ही रोचक पांच किलोमीटर की वेटरन महिला और पुरुषों की दौड़ करवाई, जिसमें सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह की बेटी सोनिया ने भी दौड़ लगाई और तीसरा स्थान जीता। सांसद की धर्मपत्नी मंजू देवी व जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान महिलाओं और पुरुषों ने अपने वर्ग में एक दूसरे को पछाड़ने के लिए पसीना बहाया। वहीं दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका हौसला बढ़ाया। सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह की धर्मपत्नी मंजू देवी और डीईओ निर्मल दहिया ने कहा कि दौड़ प्रतियोगिता न केवल स्वस्थ रखती है बल्कि जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित भी करती है। पांच किलोमीटर रेस के महिला वर्ग में सोनिया यादव, डाइट प्रिंसिपल गुरुग्राम ने 24.10 मिनट में प्रथम, सुनीता कैथल ने 26.15 मिनट में द्वितीय, सोनिया भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह की बेटी सोनिया ने 27.19 मिनट में तृतीय, प्रोमिला भिवानी ने 28.12 मिनट में चौथा और कविता दांगी भिवानी ने 33.12 मिनट में पांचवा स्थान जीता। दौड़ में प्रदेशभर से 28 महिलाओं ने भाग लिया था।





भिवानी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, खेल मंत्री गौरव गौतम व सांसद धर्मबीर सिहं के साथ हरियाणा व पंजाब की कबड्डी टीमें, सर्कल कबड्डी की विजेता पंजाब की महिला खिलाड़ियों को स्कूटियां भेंट करते सांसद धर्मबीर सिंह।

मुख्यमंत्री ने कबड्डी मैच का करवाया टॉस

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री के सामने अखाड़े में कुश्ती का बेहद कड़ा मुकाबला देखने को मिला। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने मैदान में पहुंचकर दोनों पहलवानों का हाथ मिलवाकर शुभारंभ किया। कुश्ती में पहलवान प्रत्यक्ष ने अपनी बेहतरीन तकनीक का परिचय देते हुए हैप्पी बामला को पटकनी देकर जीत हासिल की। खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहते हुए धर्मसेना की तरफ से दोनों पहलवानों को बाइक प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया। वहीं पंजाब और हरियाणा की महिला टीमों के बीच हुआ सर्कल कबड्डी मुकाबला युवाओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र बना। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने टॉस करवाकर मैच का औपचारिक शुभारंभ किया। दर्शकों की भारी नारेबाजी और तालियों के बीच खेले मैच में पंजाब की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप दी स्कूटी

भीम स्टेडियम में एशियाई व पैरा एशियाई खिलाड़ियों के राज्य स्तरीय सम्मान समारोह के दौरान बॉक्सिंग (मुक्केबाजी) का रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। मुकाबला निमड़ी की गुड्डी और कालुवास की तमन्ना के बीच खेला गया। रिंग में उतरते ही दोनों महिला मुक्केबाजों ने एक-दूसरे पर पंचों की बरसात कर दी और अपने बेहतरीन खेल से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

भिवानी में विश्व स्तर के खिलाड़ी पैदा करने की क्षमता

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को स्कूटी व बाईक भेंट कर उनका हौसला अफजाई करते हुए सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि भिवानी के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, भिवानी की मिट्टी में विश्व स्तर के खिलाड़ी पैदा करने की अपार क्षमता है। सांसद ने कहा कि भीम स्टेडियम हरियाणा के सबसे पुराने और ऐतिहासिक स्टेडियमों में से एक है। सांसद ने भीम स्टेडियम को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और खिलाड़ियों की अत्याधुनिक सुविधाओं के लिए 50 करोड़ रुपये की घोषणा करने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया।

ओलावृष्टि से डोहकी में धान की फसल बर्बाद, किसानों ने मांगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

गांव डोहकी में 23 अक्टूबर को हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। करीब 30 हेक्टेयर में खड़ी धान की फसल खराब होने का दावा करते हुए ग्राम पंचायत ने जिला प्रशासन से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। इस संबंध में ग्राम पंचायत की ओर से उपायुक्त कार्यालय में मांग पत्र सौंपा गया। ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर गांव का नाम ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर शामिल करने और विशेष गिरदावरी करवाने की मांग उठाई।

इनेलो के वरिष्ठ नेता दिनेश सांगवान डोहकी ने ग्रामीणों के साथ प्रशासन से जल्द कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि गांव डोहकी को अभी तक ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल में शामिल नहीं किया गया है। विशेष गिरदावरी भी नहीं हुई है और न ही मुआवजे की प्रक्रिया शुरू की गई है। इससे प्रभावित किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। युवा किसान रविंद्र और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि धान की फसल पककर तैयार हो चुकी थी। इसी दौरान हुई ओलावृष्टि और बारिश से खेतों में पानी भर गया, जिससे फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। किसानों ने प्रशासन से जल्द नुकसान का आकलन करवाकर उचित मुआवजा देने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आगामी सोमवार से दादरी में उपायुक्त कार्यालय के नजदीक धरना शुरू किया जाएगा।



चरखी दादरी। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते गांव डोहकी के किसान।

'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली में अनिरुद्ध चौधरी के नेतृत्व में भिवानी से हजारों कार्यकर्ता होंगे शामिल

तोशाम। आगामी 1 नवम्बर को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली कांग्रेस की 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली को लेकर जिला भिवानी में कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। इस महारैली में जिला भिवानी से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी के नेतृत्व में दिल्ली पहुंचकर अपनी भागीदारी निभाने का दावा ठोक रहे हैं। प्रेस को जारी बयान में कांग्रेस के जिला महासचिव प्रदीप बंसल ईशरवाल ने कहा कि राहुल गांधी लगातार देश में लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की गरिमा और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट में कथित अनियमितताओं और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता से जुड़े सवालों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाकर इस विषय पर व्यापक चर्चा की मांग की है। 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली भी इन्हीं मुद्दों को लेकर आयोजित की जा रही है। प्रदीप बंसल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है कि प्रत्येक योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहे और हर मतदाता को बिना किसी भेदभाव के अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का अवसर मिले।

खाली बोतलों से भरा ट्रक पलटा, ड्राइवर को आई हल्की चोटें, आधे घंटे लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानी खेड़ा

- एक से दो किलोमीटर तक लगी लाइने

बवानी खेड़ा के नजदीक फिलिंग स्टेशन के पास शुक्रवार को खाली बोतलों की गांठों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के कारण मौके पर करीब आधे घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। जानकारी के अनुसार ट्रक बवानी खेड़ा की तरफ से आ रहा था। फिलिंग स्टेशन के समीप अचानक संतुलन बिगड़ने से ट्रक सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि चालक को केवल हल्की-फुल्की चोटें आईं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। लोगों ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से क्रेन की सहायता से ट्रक को सड़क से साइड करवाया गया। इसके बाद जाम खुलवाने का काम शुरू किया गया। जाम के कारण बवानी खेड़ा-हांसी मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं। यातायात को सुचारू करने के लिए कुछ वाहनों के रूट को बवानी खेड़ा हांसी चुंगी से बड़सी वाले रास्ते होते हुए एनएच 148 पर बने टोल टैक्स की ओर डायवर्ट किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक को नियंत्रित किया और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद यातायात सामान्य किया। हादसे में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विकास नगर-सब्जी मंडी में 60 फीट रोड पर कब्जे का विवाद गहराया

दुकानदार बोले: हमारी 360 गज जमीन वैध रजिस्ट्रीशुदा, विकास नगर वालों ने खुद 35 फीट तक किया कब्जा

- विकास नगर वालों ने सडक़ पर ही बना दिया श्री राम पार्क, अब 11 से 34 नंबर शॉप-कम-फ्लैट का रास्ता किया बंद
- प्रशासन से की मांग : एकपक्षीय कार्रवाई न हो, 60 फीट सार्वजनिक रोड की पैमाइश कर कब्जे हटाए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विकास नगर और सब्जी मंडी के बीच सडक़ व जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। सब्जी मंडी के दुकानदारों ने विकास नगर के निवासियों पर दोहरे मापदंड अपनाने का सीधा आरोप लगाते हुए कहा है कि विकास नगर के लोगों ने खुद सरकारी 80 फीट रोड पर 30 से 35 फीट तक अवैध कब्जा कर रखा है, लेकिन वे उल्टा सब्जी मंडी वालों को बदनाम कर रहे हैं। दुकानदारों ने स्पष्ट किया कि उनकी दुकानें 360 वर्ग गज की वैध मलकियत और रजिस्ट्रीशुदा जमीन पर स्थित हैं। उन्होंने आम रास्ता बंद किए जाने पर भारी रोष व्यक्त करते हुए आपातकालीन सेवाओं के ठप होने की चेतावनी दी है।

इस बारे में गुलशन प्रधान ने कहा कि सब्जी मंडी भिवानी की ओर से कोई भी अवैध कब्जा नहीं किया गया है। इन दुकानों की 360 वर्ग गज की अपनी मलकियत है और उनके पास इसके पूरे रजिस्ट्री दस्तावेज मौजूद हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास नगर वालों ने खुद 60 फीट चौड़े मुख्य रोड पर 30 से 35 फीट तक कब्जा कर रखा है और सडक़ की जमीन पर ही श्री राम पार्क तक बना डाला है। खुद अतिक्रमण करके वे सारा ठीकरा सब्जी मंडी वालों के सिर फोड़ रहे हैं और हमें बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। जितना हक विकास नगर की कोठियों वालों का है, उतना ही हक हमारा भी है, हमें नजरअंदाज न किया जाए। प्रशासन से मांग है कि केवल एक पक्षीय कार्रवाई न करते हुए हमारी स्थिति को भी निष्पक्ष रूप से देखा जाए। यह 60 फीट का सार्वजनिक आम रास्ता है, इसे किसी भी सूरत में बंद नहीं किया जा सकता।

रास्ता बंद होने से परिवार और व्यापारी परेशान

गुलशन प्रधान ने कहा कि सब्जी मंडी के पीछे 15 फीट वाले रोड पर स्थित 11 नंबर से लेकर 34 नंबर तक के शॉप-कम-फ्लैट का मुख्य रास्ता बंद कर दिया गया है। इस मनमाने कदम से दर्जनों परिवारों और व्यापारियों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई है। ऐसे में आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस और दमकल कैसे पहुंच पाएगी। वही दूसरी तरफ क्षेत्र के छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाते हैं, लेकिन रास्ता बंद होने के चलते स्कूल वैन अंदर नहीं आ पा रही है, जिससे बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा प्रभावित हो रही है।

वाहनों की लगी कतार,चक्कर काटने पर मजबूर हुए लारी-बाइक सवार

- नाकाबंदी के चलते वाहनों को किया दूसरे रास्तों से डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी में एशियन गेम्स के पदक विजेताओं के सम्मान समारोह को लेकर जबरदस्त सुरक्षा व्यवस्था रही। जगह जगह पुलिस की नाकाबंदी की वजह से वाहन चालकों को अनेक परेशानी झेलनी पड़ी। कई रास्ते डायवर्ट किए जाने की वजह से वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई। महम रोड पर वाहन चालकों को आधे से एक घंटे तक जाम में अटके रहे। जिस वजह से अनेक लोगों के कई काम अटक गए। हालांकि चौक चौराहों पर तैनात पुलिस ने जाम की स्थिति से निपटने के लिए कई बार सड़कों पर आना पड़ा,लेकिन कार्यक्रम के आयोजन शहर में नाकाबंदी लगी रही। सुबह करीब सात बजे पुलिस ने विभिन्न जगहों पर नाकाबंदी करनी आरंभ कर दी। सबसे पहले पुलिस ने तिगड़ाना मोड़ पर वाहनों को रोकना आरंभ कर दिया। यहां पर केवल दोपहिया वाहन चालकों को ही शहर की तरफ आने वाले रास्ते पर जाने की अनुमति मिली। बाकी बचे छोटे बड़े वाहनों को तिगड़ाना मोड़ से नए बाईपास से बस अड्डे तक निकाला गया। उसके बाद महम गेट पर नाकाबंदी रही। इनके अलावा शिक्षा बोर्ड के पास तथा सदर थाना के पास पुलिस की जबरदस्त नाकाबंदी रही।

वेतन न मिलने से परिवार का गुजर-बसर करना व दीपावली पर्व मनाना भी हुआ मुश्किल : दीपक

एचकेआरएन स्वास्थ्य कर्मचारियों की मनेगी काली दिवाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दीपावली जैसे पावन पर्व से ठीक पहले, जहां हर तरफ रोशनी और खुशियों का माहौल होना चाहिए था, वहीं भिवानी के चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं दे रहे एचकेआरएन कर्मचारियों के चेहरों पर मायूसी छाई रही। महीनों से वेतन ना मिलने के कारण इन कर्मचारियों की दीवाली पूरी तरह बेरंग हो गई है और उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। प्रशासनिक लापरवाही और लंबे समय से वेतन न मिलने से आक्रोशित कर्मचारियों ने शुक्रवार को स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान दीपक तंवर के नेतृत्व में अपने कार्यस्थलों पर काले बिल्ले लगाकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द उनका बकाया वेतन जारी नहीं किया गया, तो उनका यह संघर्ष और तेज होगा।



भिवानी। वेतन न मिलने का विरोध जताते एचकेआरएन के कर्मचारी।

बवानी खेड़ा में युवाओं ने तहसील कार्यालय में जाकर सौंपा ज्ञापन

बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा हल्के के युवाओं ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। तहसीलदार की अनुपस्थित में कानूनगो को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस युवा हल्का प्रधान नरेन्द्र तंवर के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में युवाओं में जितेन्द्र कुमार, रामकिषन, नरेन्द्र सिंह आदि ने स्थानीय प्लांट में स्थानीय युवाओं को रोजगार से वंचित रखने का आरोप लगाया। ज्ञापन सौंपने पहुंचे युवाओं का कहना था कि जब बवानी खेड़ा में सोलर प्लांट लगाया जा रहा था तो पूरे हल्के को रोजगार मिलने की उम्मीद थी। लेकिन अब प्लांट में स्थानीय युवाओं को कंपनी रोल पर सीधी भर्ती नहीं दी जा रही। उन्हें केवल ठेकेदार के माध्यम से अस्थायी तौर पर काम पर रखा जा रहा है, जिससे उन्हें न तो स्थायित्व मिल रहा है और न ही उचित वेतन एवं सुविधाएं। कांग्रेस युवा हल्का प्रधान नरेन्द्र तंवर ने कहा कि प्लांट मालिकों द्वारा बनाए गए ये नियम भेदभावपूर्ण हैं और क्षेत्रवाद को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की जमीन और संसाधनों पर बना प्लांट, अगर स्थानीय युवाओं को ही रोजगार नहीं देगा तो फिर विकास का क्या फायदा। कंपनी की यह मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। युवाओं ने मांग की कि सोलर प्लांट में सभी पदों पर स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देते हुए कंपनी रोल पर भर्ती की जाए। ठेकेदारी प्रथा को खत्म कर युवाओं को स्थायी रोजगार दिया जाए।



श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का 8वां दिन संपन्न, कथावाचक ने सुनाए विभिन्न प्रसंग

जीवन जीने की सही कला व उच्च आदर्श सिखाते हैं सनातन धर्म के ग्रंथः बृजमोहन



भिवानी। कथा में प्रवचन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जीतू वाला जोहड़ के समीप स्थित श्रद्धा व आस्था के केंद्र सिद्ध पीठ काली देवी शिव मंदिर में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य पर आयोजित 9 दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का धार्मिक अनुष्ठान इन दिनों पूरी भव्यता और श्रद्धा के साथ जारी है। अनुष्ठान के 8वें दिन शुक्रवार को कथा का रसपान करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय भजनों और देवी के जयकारों से गूंज उठा। आयोजकों रमेश शर्मा व रविंद्र यादव ने जानकारी दी कि 8वें दिन भी बाबा जगमाल ने व्यासपीठ और आगंतुकों का सत्कार कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कथा व्यास पंडित बृजमोहन कौशिक ने सती अनुसुईया, सावित्री, सीता माता, च्यवन ऋषि, सुकन्या एवं ऋषि दधीची के प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गए। धार्मिक अनुष्ठान के आठवें दिन क्षेत्र के कई गणमान्य लोग कथा का श्रवण करने पहुंचे। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन भिवानी के प्रधान अधिवक्ता युधिष्ठिर वत्स, देवसर धाम के पुजारी, अधिवक्ता बजरंग शर्मा तथा अधिवक्ता कांति चंद्र कौशिक विशेष तौर पर उपस्थित रहे। अतिथियों ने कथा व्यास पंडित बृजमोहन कौशिक का स्वागत किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के दौरान पंडित बृजमोहन कौशिक ने कहा कि सनातन धर्म के महान ग्रंथ हमें जीवन जीने की सही कला, कर्तव्यनिष्ठा और उच्च आदर्श सिखाते हैं। माता सती अनुसुईया, सावित्री, सीता माता और ऋषि दधीची जैसे महापुरुषों का जीवन त्याग, तपस्या और लोक कल्याण का प्रतीक है। जब हम इन चरित्रों को अपने जीवन में उतारते हैं, तो समाज में स्वतः ही धर्म, प्रेम और सौहार्द की स्थापना होती है। इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान समाज को एकजुट करने और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को युवा पीढ़ी तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम हैं। महापुराण के आठवें दिन मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। भजनों की मधुर धुनों और देवी मां के जयकारों से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

हर-हर गीता, घर-घर गीता के संकल्प के साथ गूंजे श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक

- गीता जी के नियमित पाठ से जीवन से कलह और नकारात्मकता का होता है नाश : प्रधान नरेश आहुजा

भिवानी। कार्तिक मास के उपलक्ष्य में श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा आयोजित मासिक गीता का पूजन एवं गीता पाठ का कार्यक्रम तीसरे दिन भी पूरी श्रद्धा, हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ जारी रहा। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से विजय नगर कॉलोनी स्थित महम रोड़ पर विद्या नगर स्थित सुरेश चंद शर्मा के निवास मुकुंद कुटीर में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में समिति के सभी सदस्यों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया और विधि-विधान से गीता जी का पूजन कर पाठ किया। कार्यक्रम से पूर्व निकाली गई अल सुबह की प्रभात फेरी ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया, जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया और वातावरण गीता के श्लोकों के उच्चार से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार के प्रधान नरेश आहुजा एवं महासचिव व सत्संग प्रमुख विनोद छाबड़ा ने श्रीमद्भगवद्गीता के पूजन, पाठ और इसके स्वरूप के आदान-प्रदान के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस अनूठे आयोजन के तहत जो भी साधक या श्रद्धालु गीता के स्वरूप को अपने घर लेकर जाते हैं, उनके निवास पर 24 घंटे लगातार गीता के पाठ और मंत्रों की पावन ध्वनि प्रवाहित रहती है। इसके उपरांत, अगले दिन यह स्वरूप पूर्ण विधि-विधान और पूरे आदर के साथ किसी अन्य साधक के सुपुर्द कर दिया जाता है। इस निरंतर श्रृंखला से पूरे समाज में लगातार सकारात्मक आध्यात्मिक तरंगों का संचार बना रहता है। उन्होंने बताया कि गीता का स्वरूप जिस घर में भी जाता है, उस परिवार को गीता देकर परिवार का सम्मान किया जाता है। इसी कड़ी में सीनियर अधिवक्ता सुनील शर्मा को गीता देकर सम्मानित किया। गीता के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रधान नरेश आहुजा व महासचिव विनोद छाबड़ा ने संयुक्त रूप से कहा कि जब किसी घर में नियमित रूप से श्रीमद्भगवद्गीता का पाठ और अध्ययन होता है, तो वहां से कलह, नकारात्मकता और अवसाद का स्वतः नाश हो जाता है। गीता का ज्ञान मनुष्य को जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है और मानसिक शांति प्रदान करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के पावन संकल्प हर हर गीता, घर घर गीता और हर घर ज्ञान, हर घर श्रीकृष्ण को जन-जन तक पहुंचाना और उसे साकार करना ही इस भव्य आयोजन का मूल लक्ष्य है। इस अवसर पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने स्वामी ज्ञानानंद महाराज के इस महान अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया तथा नियमित रूप से गीता अध्ययन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर समिति के समस्त पदाधिकारी एवं अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

न्यूज डायरी



वूमैन हैल्पिंग सोसायटी ने मनाया करवाचौथ

भिवानी। दादरी गेट स्थित न्यू हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में वूमैन हैल्पिंग सोसायटी की ओर से करवाचौथ पर्व पर कार्यक्रम का आयोजन किया। उत्सव में महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर पारंपरिक उल्लास के साथ हिस्सा लिया और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को बेहद संगीतमय व खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगवाई और नृत्य कर पर्व की खुशियां एक-दूसरे के साथ सांझा की। कार्यक्रम में हरियाणा महिला आयोग की वाईस चेयरपर्सन मीना परमार ने बतौर मुख्यतिथि तथा नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रीति भवानी प्रताप ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त रूप से वूमैन हैल्पिंग सोसायटी की संस्थापिका एवं अध्यक्षा सुशीला देवी सिंह और न्यू हॉऊसिंग बोर्ड कॉलोनी की प्रधान मंजू ने की।



सेवा दल कांग्रेस ने लगाया रक्तदान शिविर

भिवानी। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री और आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 42वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में सेवा दल कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में पहुंचकर लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान 25 युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) अनिरुद्ध चौधरी ने की, जबकि इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष (शहरी) प्रदीप गुलिया जोगी भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस पूरे आयोजन की रूपरेखा और देखरेख सेवा दल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मास्टर कमल की अगुवाई में की गई। इस कार्यक्रम में पूर्व पार्षद बलवान प्रधान समेत कई अन्य गणमान्य कांग्रेसी नेता भी उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर में 21 ने किया रक्तदान



बवानीखेड़ा। मानवता की सेवा और जरूरतमंदों को जीवनदान देने के उद्देश्य से क्षेत्र के गांव कुंगड़ के बड़ा पाना स्थित सामुदायिक केंद्र में स्व. हरफूल सिंह गोयत की 9वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत और मानवीय कार्य में क्षेत्र के युवाओं और रक्तदाताओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया तथा थैलेसीमिया और अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे जरूरतमंद मरीजों के लिए अपना अमूल्य रक्त दान किया। शिविर के आयोजक ठेकेदार नरेंद्र गोयत ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा व समाजसेवी जयप्रकाश ठेकेदार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वहीं, कनिष्ठ अभियंता बिजेश जावला, शहीद-ए-आजम भगत सिंह ट्रस्ट के प्रतिनिधि मोनू चैधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मोके पर ब्लड बैंक की जरूरत अनुसार 21 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया व 45 युवाओं के रक्त की जांच की गई, इस दौरान रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को अतिथियों द्वारा बैज लगाकर सम्मानित किया गया।

प्रवचन सुन श्रद्धालु हुए अभिभूत



चरखी दादरी। भागवत मर्मज्ञ एवं व्यासपीठासीन दंडी स्वामी ब्रह्मआश्रम, विश्वनाथ धाम ने कहा कि मनुष्य जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुख-सुविधाएं जुटाना नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नति, परोपकार और परमात्मा की अनुभूति करना है। श्रीमद्भागवत में बताए गए मार्ग पर चलकर मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। मानव योनि लाखों योनियों के बाद प्राप्त होती है, इसलिए इसका सदुपयोग करना चाहिए। वे दादरी नगर की अग्रसेन धर्मशाला परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह महायज्ञ में श्रद्धालुओं को प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अज्ञानता के कारण मनुष्य सांसारिक पदार्थों और भौतिक आकर्षणों में उलझकर जीवन के वास्तविक उद्देश्य को भूल जाता है। वह बाहरी संसार में सुख की तलाश करता रहता है, जबकि शांति और आनंद का वास्तविक स्रोत उसके अपने अंतर्मन में मौजूद है। स्वामी ब्रह्मआश्रम ने मृग-कस्तूरी का दृष्टांत देते हुए कहा कि जिस प्रकार हिरण अपनी नाभि में मौजूद कस्तूरी की सुगंध से आकर्षित होकर उसे जंगल में तलाशता फिरता है, उसी प्रकार मनुष्य भी अपने भीतर विद्यमान आनंद को बाहरी वस्तुओं में खोजता रहता है।

हर शिकायत का समयबद्ध निपटारा करें

चरखी दादरी। नगराधीश सुरेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त प्रत्येक शिकायत की वास्तविक स्थिति की जांच कर उसका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निपटारा सुनिश्चित करें। एक से अधिक विभागों से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय से संयुक्त कार्रवाई करें और जिम्मेदारी तय करते हुए मामलों का निपटारा करें। वे समाधान समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। नगराधीश ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविरों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। ऐसे में अधिकारी प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसके समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। स्थानीय समस्याओं से संबंधित शिकायतों की जरूरत के अनुसार मौके पर जाकर जांच की जाए और तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके समाधान में आ रही बाधाओं की पहचान कर उन्हें दूर किया जाए। संबंधित अधिकारी लंबित मामलों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करें।

सावित्रीबाई फुले राजकीय महिला कॉलेज में हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू



लोहारू। सावित्रीबाई फुले राजकीय महिला कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि डॉ उमेश मोहन। फोटो : हरिभूमि

सावित्रीबाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार ने किया जबकि समापन समारोह में पूर्व प्राचार्य डॉ उमेश मोहन ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करके विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत किया। खेल प्रभारी अक्षय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 100 मीटर दौड़ में बी ए प्रथम वर्ष की ऋचा ने प्रथम, बी ए द्वितीय वर्ष की सरोज ने द्वितीय और बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में बी ए द्वितीय वर्ष की ज्योति ने प्रथम, बी ए प्रथम वर्ष की ज्योति ने द्वितीय और बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर रिले दौड़ में टीम ग्रीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसमें बी ए द्वितीय वर्ष की ऋचा, बीए तृतीय वर्ष की प्रीति, बीए द्वितीय वर्ष की सरोज और बीए तृतीय वर्ष की छात्रा दीक्षा कुमारी शामिल रही, टीम रेड ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसमें बी ए द्वितीय वर्ष की मनीषा, बी ए तृतीय वर्ष की मनीषा, बी ए तृतीय वर्ष की संतोष और बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा वर्षा शामिल रही और इसी प्रकार टीम ब्लू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जिसमें बी ए तृतीय वर्ष की स्नेहा, बी ए द्वितीय वर्ष की अंजू, बी ए द्वितीय वर्ष की नेहा और बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा ज्योति शामिल रही।

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, शहीद परिवारों और बुजुर्गों का होगा सम्मान

चरखी दादरी। हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में एक नवंबर को बाबा स्वामी दयाल धाम में सर्वजातीय खाप फोगाट और बाबा स्वामी दयाल धाम जनकल्याण समिति की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में शिक्षा, खेल, प्रशासनिक सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और युवाओं, वीर शहीदों के परिवारों तथा 90 वर्ष की आयु पूरी कर चुके बुजुर्गों को सम्मानित किया जाएगा। खाप फोगाट के प्रधान सुरेश फोगाट और सचिव कुलदीप फोगाट ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड और सीबीएसई की परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ एमबीबीएस, आईआईटी और आईआईएम में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा भारतीय सिविल सेवा, हरियाणा सिविल सेवा और तीनों सेनाओं में कमीशन प्राप्त करने वाले युवाओं को भी सम्मान मिलेगा। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की सरकारी खेल प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों और राष्ट्रपति से सम्मानित बच्चों को भी समारोह में सम्मानित किया जाएगा। स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों की धर्मपत्नियों को भी सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक नवंबर 2025 से 31 अक्टूबर 2026 के बीच 90 वर्ष की आयु पूरी करने वाले महिला-पुरुष बुजुर्ग भी सम्मान के पात्र होंगे। खाप के गांवों के अलावा फोगाट और झींझर गांव की 36 बिरादरी के पात्र विद्यार्थी और बुजुर्ग आवेदन कर सकते हैं।

शहीदों के परिवारों तथा 90 वर्ष की आयु पूरी कर चुके बुजुर्गों को सम्मानित किया जाएगा

एसआईआर को लेकर कांग्रेस कर रही बेवजह बवालः आरती शर्मा

लोहारू। भाजपा महिला विंग की पूर्व जिला सचिव एवं भाजपा नेत्री आरती शर्मा ने कहा कि एसआईआर के नाम पर कांग्रेस देश के लोगों को भ्रमित कर रही। लेकिन देश की जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। आज यहां जारी प्रेस बयान में कांग्रेस नेत्री आरती शर्मा ने कहा कि कांग्रेस शासन में भी एसआईआर हुई है। यहीं नही एसआईआर में मृत मतदाताओं के अलावा उनके वोट काटे गए हैं जो मतदाता या तो विदेश चले गए या फिर जिनके दो स्थानों पर वोट बने हुए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को देश की जनता नकार चुकी है लेकिन कांग्रेस जनता को बरगलाकर सत्ता सुख की चाह रखती है।

जरूरतमंद मरीज के लिए रक्तवीर परिवार के सदस्यों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

दादरी नागरिक अस्पताल में बी-पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता पड़ने पर रक्तवीर परिवार के सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। रक्त की जरूरत की सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य बिना देरी किए अस्पताल पहुंचे और मरीज की मदद के लिए रक्तदान किया। रक्तवीर परिवार के संयोजक राजेश सोनी ने बताया कि इस अवसर पर सोनू ढांडा ने 17वीं बार, दीपक कुमार ने पांचवीं बार और अश्वनी शर्मा ने आठवीं बार रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद को जीवन की नई उम्मीद देने का माध्यम है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प उपलब्ध नहीं है और इसकी पूर्ति केवल स्वैच्छिक रक्तदान से ही संभव है। उन्होंने स्वस्थ लोगों से नियमित अंतराल पर रक्तदान करने की अपील की, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को रक्त की कमी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि रक्तदान के लिए बड़े संसाधनों की जरूरत नहीं होती, इसके लिए केवल सेवा और सहयोग की भावना जरूरी है। इस अवसर पर ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. मुनेश सहरावत ने रक्तवीर परिवार के सदस्यों के सेवा कार्य की सराहना की और उनके योगदान को प्रेरणादायक बताया।

विद्यार्थियों को बाल अधिकारों और अच्छे-बुरे स्पर्श की दी जानकारी

चरखी दादरी। सुरक्षित बचपन अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिले के विभिन्न स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, बच्चों की सुरक्षा, यौन शोषण से बचाव और कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी गई। न्यायिक अधिकारियों ने बच्चों को किसी भी गलत व्यवहार या शोषण के मामले में बिना डर के आवाज उठाने और भरोसेमंद व्यक्ति को इसकी जानकारी देने के लिए प्रेरित किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देशराज चालिया के मार्गदर्शन में आयोजित अभियान के तहत आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण के सचिव संजीव काजला ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है। अधिवक्ता पूनम दिल्लों सांगवान ने बाल अधिकारों और सुरक्षा संबंधी कानूनों की जानकारी दी। इसी प्रकार जीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल समसपुर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रजत अरोड़ा ने विद्यार्थियों को जागरूक किया। यहां पैनल अधिवक्ता शर्मिला ने बच्चों को कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। यदुवंशी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंदौला में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी लक्ष्य गर्ग ने बच्चों को अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने और किसी भी परेशानी पर अभिभावकों व शिक्षकों से मदद लेने की सलाह दी। अधिवक्ता कमलेश ने बाल अधिकारों से जुड़े कानूनों की जानकारी दी। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, 2012 के प्रावधानों से अवगत करवाया गया। उन्हें अच्छे और बुरे स्पर्श के बीच अंतर समझाया गया। बताया गया कि किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार या शोषण की स्थिति में चुप रहने के बजाय माता-पिता, शिक्षकों या संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना दें।

कांग्रेस की वोट बचाओ देश बचाओ महारैली से घबराई भाजपाः सविता

- भिवानी से सैकड़ों महिलाएं पहुंचेगी रामलीला मैदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



केन्द्र सरकार के आदेशों पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा एसआईआर के माध्यम से मतदाता सूचि से काटे गए वोट को लेकर देश में चल रहे आंदोलन के तहत कथि वोट चोरी व ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर 1 नवंबर को कांग्रेस पार्टी द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में वोट बचाओ देश बचाओ महारैली का आयोजन किया जाएगा। इस महारैली को लेकर प्रदेश व देश की जनता में भारी जोश है तथा लाखों की तादाद में पूरे भारत देश से लोग दिल्ली पहुंचेंगे। यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व महिला विंग प्रदेश महासचिव सविता मान ने महिलाओं को महारैली के लिए जिम्मेवारियां सौंपते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में होने वाली महारैली में भिवानी से सैकड़ों की संख्या में महिलाएं भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि इस महारैली को लेकर भाजपा घबराई हुई है तथा वह तरह-तरह के ब्यान बाजी कर रही है। यह महारैली प्रदेश व देश की राजनीति में भारी बदलाव लेकर आएगी।

बच्चों की सुरक्षा व गरिमा की रक्षा करता है पॉक्सो एक्ट-2012 : पवन कुमार

- सेंट जेवियर स्कूल में पॉक्सो एक्ट-2012 के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) भिवानी की अध्यक्ष डॉ. गगनदीप कौर सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिले के चार स्कूलों में पॉक्सो एक्ट-2012 के प्रति जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव डीएलएसए पवन कुमार तथा जेएमआईसी सुखबीर और जेएमआईसी रेनू की अध्यक्षता में सेंट जेवियर स्कूल, करियर प्लेनेट स्कूल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बामला और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लोहड़ में आयोजित कार्यशालाओं में विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा, कानूनी अधिकारों और मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशालाओं में डीएलएसए के पैनल अधिवक्ताओं, जिला बाल संरक्षण विभाग के बाल संरक्षण अधिकारी संदीप व रिंकू तथा साइबर सेल के वेलफेयर कोऑर्डिनेटर विष्णु परमार ने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट-2012 के प्रावधानों से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित वातावरण, व्यक्तिगत सुरक्षा और किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के महत्व के बारे में बताया। सीजेएम पवन कुमार ने बताया कि पॉक्सो एक्ट-2012 का उद्देश्य 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन उत्पीड़न, यौन शोषण, यौन दुर्व्यवहार और बाल अश्लील सामग्री से संबंधित अपराधों से सुरक्षा प्रदान करना है। यह अधिनियम बच्चों की गरिमा, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि यौन अपराधों से पीड़ित बच्चों की पहचान उजागर करना कानूनन प्रतिबंधित है। मीडिया सहित सभी लोगों को पीड़ित बच्चे की पहचान गोपनीय रखने संबंधी कानूनी प्रावधानों का पालन करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी अनुचित व्यवहार या शोषण की स्थिति में विश्वसनीय अभिभावक, शिक्षक अथवा संबंधित अधिकारियों को जानकारी देने के लिए प्रेरित किया।

सृजन मेले में दिखा छात्राओं की कलात्मक प्रतिभा और उद्यमशीलता का दिखा अनूठा संगम

बाजार में वही उत्पाद अपनी जगह बना पाते हैं, जिनमें गुणवत्ता के साथ नवीनता और अपनी अलग पहचान होती है

प्रतिस्पर्धा के दौर में नवोन्मेष ही सफलता की असली पहचानः अशोक बुवानीवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल किसी काम को बेहतर तरीके से करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे कुछ अलग अंदाज में करने की प्रस्तुति ही व्यक्ति को विशिष्ट पहचान दिलाती है। ये उद्गार आज आदर्श महिला महाविद्यालय में आयोजित सृजन मेला का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्यातिथि प्रबंधकारिणी समिति के महासचिव अशोक बुवानीवाला ने कहे। इस दौरान छात्राओं द्वारा तैयार उत्पादों का अवलोकन करते हुए उन्होंने कहा कि आज बाजार में वही उत्पाद अपनी जगह बना पाते हैं, जिनमें गुणवत्ता के साथ नवीनता और अपनी अलग पहचान होती है। ऐसे में छात्राओं द्वारा अपनी कल्पनाओं को



भिवानी। आयोजित सृजन मेले का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

उत्पादों का रूप देना और उन्हें प्रदर्शनी एवं बिक्री के माध्यम से लोगों तक पहुंचाना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सृजनात्मकता व्यक्ति को लीक से हटकर सोचने, समस्याओं का समाधान खोजने और नए अवसरों का निर्माण करने की प्रेरणा देती है। सृजनात्मकता की यही ताकत है कि यह साधारण सी वस्तु को भी खास बना देती है। छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि संभव है कि आज इन स्टॉलों पर प्रदर्शित हो रहे छोटे-छोटे प्रयास ही कल किसी सफल व्यवसाय या उद्यम की नींव बनें। बुवानीवाला ने कहा कि सृजनात्मक सोच ही नवाचार करने की क्षमता और अपने विचारों को व्यावहारिक रूप देने के हुनर को तरासती है। उन्होंने कहा कि आज का समय प्रतिस्पर्धाओं से तैयार होकर अपनी प्रतिभा और क्षमताओं को नए आयाम देने का है। ऐसे में विद्यार्थियों के भीतर छिपी रचनात्मक प्रतिभा को पहचानना और उसे सही मंच प्रदान करना शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने कहा कि सृजनात्मकता केवल कला या हस्तशिल्प तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नए विचारों, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का आधार बनती है। आदर्श महिला महाविद्यालय द्वारा सृजन मेले जैसे आयोजन करना इसी दिशा में एक पहल है, जो छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ भविष्य में उद्यमिता की ओर कदम बढ़ाने के लिए भी प्रेरित करती है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पवन बुवानीवाला, दीपक बंसल, गोकल सिंह नम्बरदार, महाबीर सैनी, रामौतार शर्मा, हाइगम से सुजाता शारदा व महेश्वरी, डॉ. साक्षी सिंगला, डॉ. रूचिका धीर, रीना तनेजा, मनीषा बंसल, कार्यक्रम संयोजिका डॉ. नूतन शर्मा, डॉ.. गायत्री, डॉ. सुनंदा, स्वर्णदीप, तान्या सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

शिविर में 60 पुलिसकर्मियों ने करवाई जांच

चरखी दादरी। पुलिसकर्मियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को महिला पुलिस थाना दादरी के प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी के दिशा-निर्देशानुसार आयोजित शिविर में नई दिल्ली के द्वारका स्थित वेंकटेश्वर अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आयुष और उनकी विशेषज्ञ मेडिकल टीम ने सेवाएं दीं। शिविर में करीब 60 पुलिसकर्मियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और चिकित्सकीय परामर्श लिया।

पेंशन धारक नवंबर में जमा करवाएं जीवन प्रमाण पत्र

चरखी दादरी। जिला खजाना कार्यालय और इसके अधीनस्थ उप-खजाना कार्यालयों से हरियाणा सरकार की पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पेंशन धारकों को नवंबर माह में वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाना अनिवार्य है। जिला खजाना अधिकारी मंजू ने बताया कि पेंशन धारकों की सुविधा के लिए नाम के प्रथम अक्षर के अनुसार प्रमाण पत्र जमा करवाने की तिथियां निर्धारित की गई हैं।

दिल्ली रैली के लिए वाहनों की ड्यूटी लगाई

बाढड़ा। इंडिया गठंधन द्वारा आगामी एक नवंबर को दिल्ली में होने वाली महारैली को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान के बाद अब वार्ड स्तर पर कार्यकर्ताओं को दिल्ली पहुंचने के लिए वाहनों की जि6मेवारी लगानी शुरु कर दी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के वाहनों को दिल्ली के रास्ते में एआईसीसी द्वारा नियुक्त विशेष पर्यवेक्षकों द्वारा निगह रखते हुए प्रत्येक नेता व कार्यकर्ता का रिकार्ड रखा जाएगा। वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तहत दिल्ली महारैली के लिए पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के आवास पर संपन्न हुई बैठक में प्रत्येक पदाधिकारी को अलग अलग लोगों को दिल्ली ले जाने की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणाम बताए

चरखी दादरी। जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से दादरी पुलिस की ओर से गांवों में सर्च अभियान के साथ जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को थाना सदर प्रभारी उपनिरीक्षक सतबीर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव समसपुर में विशेष अभियान चलाकर ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पुलिस ने नशा तस्करी की गतिविधियों में संलिप्त रहे और निगरानी सूची में शामिल छह संदिग्ध व्यक्तियों के ठिकानों पर जांच की।

बल्क वेस्ट जनरेटरों का पंजीकरण अनिवार्य

चरखी दादरी। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत जिले के सभी थोक अपशिष्ट जनरेटरों (बल्क वेस्ट जनरेटर) को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। नियमों की अनदेखी करने वाले उद्योगों, संस्थानों और अन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही संबंधित इकाइयों पर भारी पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति भी लगाई जा सकती है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पालन करना सभी संबंधित संस्थानों और प्रतिष्ठानों की जिम्मेदारी है।

दिवाली त्योहार के मद्देनजर आज खुले रहेंगे बाजार

लोहारू। लोहारू व्यापार मंडल के प्रधान धनपत सैनी और सचिव संजय खंडेलवाल ने बताया कि ने दीवाली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों की मांग पर 31 अक्टूबर को लोहारू के सभी बाजार खुले रखने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि व्यापार मंडल के निर्णय अनुसार प्रत्येक माह के अंतिम दिन लोहारू के बाजार बंद रखे जाते हैं लेकिन बार दिवाली के त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए 31 अक्टूबर को सभी बाजार खुले रखने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि शनिवार को शहर के बाजार खुले रखे जाएंगे।

प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

बाल महोत्सव बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारने व उन्हें अपनी कला प्रदर्शित करने का बेहतर मंच : कम्बोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में जिला बाल कल्याण परिषद, भिवानी द्वारा आयोजित बाल महोत्सव-2026 के तीसरे दिन विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की महासचिव मीना कम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इसके साथ ही उन्होंने तिब्बती मार्केट का भी उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बाल महोत्सव बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारने और उन्हें अपनी कला प्रदर्शित करने का बेहतर मंच प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि बाल महोत्सव में बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को अपनी रचनात्मकता, कला और हुनर दिखाने का अवसर मिला। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारना तथा उनमें आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है।



भिवानी। कार्यक्रम की प्रस्तुती देने के बाद एक बच्ची को दुलारती राज्य बाल कल्याण परिषद की महासचिव मीना कम्बोज।

शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में दृष्टि प्रथम

महोत्सव के तीसरे दिन एकल शास्त्रीय नृत्य और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। एकल शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता के द्वितीय समूह में वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की दृष्टि ने प्रथम, हलवासिया विद्या विहार स्कूल की काशवी ने द्वितीय तथा वैश्य इंटरनेशनल स्कूल की अनन्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय समूह में वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की सेजल ने प्रथम, हलवासिया विद्या विहार स्कूल की दीपिका ने द्वितीय और लिटिल हार्ट्स पब्लिक स्कूल की बरखा ने तृतीय स्थान पर रहीं। चतुर्थ समूह में आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल रीत बगला ने प्रथम, वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की महक ने द्वितीय तथा लिटिल हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल की सानिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के प्रथम समूह में लिटिल हार्ट्स पब्लिक स्कूल की मानवी ने प्रथम, भिवानी पब्लिक स्कूल की दिवा ने द्वितीय तथा लिटिल हार्ट्स पब्लिक स्कूल की राधिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान जिला बाल कल्याण अधिकारी गौरव रोहिल्ला ने मुख्य अतिथि मीना कंबोज का स्वागत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक सुदेश कुमार ने किया।

किसानों की महीनों की मेहनत पर फिरा पानी, खेतों में खड़ी व कटी हुई फसल बर्बाद: फौगाट

निगाना फीडर टूटी, बीरन में 150 एकड़ धान की फसल जलमग्न

पानी निकासी का जल्द प्रबंध कर उचित मुआवजा दिलवाए प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भिवानी जिला के गांव बीरन में निगाना फीडर टूटने से किसानों पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। फीडर से निकले पानी ने किसानों की महीनों की मेहनत को बर्बादी के कगार पर ला खड़ा किया है। इस हादसे में गांव के करीब 150 एकड़ धान की फसल जलमग्न हो गई है। इस बारे में किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। किसानों की सूचना के बाद निगाना फीडर को पीछे से बंद करवाया गया,लेकिन समाचार लिखे जाने तक फीडर में आई दरार पाटने का कार्य पूरा नहीं हो पाया था। फिलहाल दरार को पाटने का कार्य जारी था।

जानकारी के अनुसार अल सुबह अचानक निगाना फीडर में दरार आ गई। पानी का बहाव ज्यादा होने की वजह से कटाव लगातार बढता गया। जिस वक्त किसानों को इसकी जानकारी मिली। उस वक्त तक फीडर में करीब 20 फुट दूर तक कटाव बन चुका था। किसान मौके पर पहुंचे और उन्होंने फीडर में आई दरार को पाटने का प्रयास किया,लेकिन पानी ज्यादा होने की वजह से वे दरार को नहीं पाट सके। इसी दौरान किसानों ने इस बारे में सिचाई विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे और पानी कम करवाने के प्रयास में जुट गए।

किसानों ने बताया कि फीडर टूटने से खेतों में पानी भरने के कारण अब किसानों के सामने केवल धान की फसल के नुकसान का ही संकट नहीं है, बल्कि आगामी रबी सीजन की बिजाई भी खतरे में पड़ गई है। खेतों में तालाब जैसा नजारा बना हुआ है और पानी की निकासी नहीं होने से जमीन लंबे समय तक जलमग्न रहने की आशंका है। किसानों का कहना है कि एक तरफ फसल बर्बाद हो रही है और दूसरी तरफ प्रशासन की बेरुखी उनकी परेशानी को और बढ़ा रही है।





भिवानी। फीडर टूटने से खेतों में काटी हुई फसल पानी में डूबी व खलिहानों से धान की फसल निकालती महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

निगाना फीडर में दरार से बहता पानी का दृश्य



फीडर टूटने से किसानों पर टूटा मुसीबतों का पहाड़, मुआवजे की मांग

सरपंच प्रतिनिधि जोगेंद्र फौगाट ने प्रशासन और सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि निगाना फीडर टूटने से बीरन गांव के किसानों की जो बर्बादी हुई है, उसका जिम्मेदार कौन है। करीब 150 से अधिक एकड़ धान की फसल पानी में डूब चुकी है। उन्होंने कहा कि किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। खेतों में पानी भरा होने के कारण अगली फसल की बिजाई की उम्मीद भी खत्म होती जा रही है। प्रशासन को चाहिए कि बिना देरी किए पानी की निकासी का प्रबंध करे और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दे। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। पीड़ित किसान राजेंद्र यादव व महेंद्र ने कहा कि फीडर टूटने के बाद पानी का बहाव इतना तेज और अधिक है कि खेतों में तालाब जैसी स्थिति बन गई है। धान की फसल कहीं पानी में खड़ी है तो कहीं कटाई के बाद पानी में डूबी पड़ी है। किसान मजदूरों को लगाकर किसी तरह अपनी थोड़ी-बहुत फसल बचाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन पानी की मात्रा इतनी अधिक है कि हालात उनके नियंत्रण से बाहर हो चुके हैं। किसानों ने कहा कि धान की फसल बर्बाद होने के साथ-साथ अब आगामी रबी सीजन की फसल की बिजाई भी अधर में लटक गई है। खेतों में लगातार पानी जमा हो रहा है, लेकिन इसे रोकने और निकालने के लिए कोई प्रभावी प्रबंध दिखाई नहीं दे रहा।



चरखीदादरी। ग्रामीणों को रैली का न्यौता देते कर्नल रघबीर सिंह छिल्लर।

लोकतंत्र बचाओ रैली के लिए कर्नल छिल्लर ने ग्रामीणों से किया जनसंपर्क

चरखी दादरी। बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के पूर्व चेयरमैन कर्नल रघबीर सिंह छिल्लर ने शुक्रवार को क्षेत्र के सात गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों से एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली इंडिया गठबंधन की 'लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ' रैली में भाग लेने की अपील की। उन्होंने ढाणी फौगाट, टिकाण कलां, महाराणा, गोठड़ा, संतोकपुरा, मौड़ी और रामनगर गांवों में ग्रामीणों से मुलाकात कर रैली को लेकर चर्चा की। कर्नल छिल्लर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए संविधान की गरिमा बनाए रखना, नागरिक अधिकारों की रक्षा करना और जनता की भागीदारी सुनिश्चित करना जरूरी है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में आमजन की आवाज को महत्व मिलना चाहिए और जनहित से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए।

भाजपा सरकार हर खिलाड़ी के सपने को दे रही पंखः जय सिंह वाल्मीकि

- हरियाणा की खेल नीति से तिरंगा लहरा रहा विश्व में, खिलाडियों को मिल रहा मान-सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

खेलों की नर्सरी कहे जाने वाले हरियाणा राज्य ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह देश में खिलाड़ियों को मान-सम्मान देने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में सर्वोपरि है। हाल ही में एशियन और पैरा एशियाई खेलों में देश और प्रदेश का नाम पूरी दुनिया में रोशन करने वाले कुल 125 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए शुक्रवार को भीम स्टेडियम में एक भव्य राज्य स्तरीय अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उन्हें खुले दिल से बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इन 125 विजेता खिलाड़ियों को कुल 185 करोड़ रुपये की भारी-भरकम नकद पुरस्कार राशि के चेक और सम्मान भेंट किए। इस शानदार आयोजन के बाद राज्य सरकार की पारदर्शी, खिलाड़ी-हितैषी और प्रोत्साहन-प्रधान नीतियों की चहुंओर प्रशंसा हो रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता जय सिंह वाल्मीकि ने इस ऐतिहासिक आयोजन और खिलाड़ियों को दी जा रही प्रोत्साहन राशि को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी तथा महिला एवं बाल विकास एवं सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के यशस्वी नेतृत्व की भरपूर सराहना की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की दूरदर्शी खेल नीतियों और मजबूत खेल ढांचे का ही परिणाम है कि आज हमारे राज्य के युवा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर तिरंगा शान से लहरा रहे हैं।



वरिष्ठ भाजपा नेता जय सिंह वाल्मीकि।

शिक्षामंत्री ने कांग्रेस पर लगाया लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास का माहौल बनाने का आरोप

ईवीएम व मतदाता सूची पर सवाल से गुमराह कर रहा विपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर ईवीएम तथा मतदाता सूची के मुद्दे को लेकर जनता को गुमराह करने और देश में अराजकता का माहौल बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव में जनादेश हासिल करने में असफल रहने के बाद विपक्ष चुनाव प्रक्रिया और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर अपनी राजनीतिक जमीन तलाश रहा है। ढांडा शुक्रवार को दादरी के विश्राम गृह में भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया में प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों की भागीदारी रही है।



चरखी दादरी। पत्रकारों से बात करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।

चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाने वालों से मांगे सबूत

इस दौरान 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए गए और मृतकों तथा दूसरे स्थानों पर जा चुके लोगों के नाम हटाए गए। इसके बावजूद विपक्ष द्वारा इसे वोट चोरी बताना जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि मतदान के दौरान गड़बड़ी हुई थी तो बूथों पर मौजूद विपक्षी दलों के एजेंटों ने तत्काल आपत्ति क्यों नहीं जताई। ढांडा ने कहा कि कांग्रेस ने वर्ष 2004 और 2009 के चुनावों में जीत हासिल कर केंद्र में सरकार बनाई थी, उस समय ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल नहीं उठाए गए। उनके अनुसार वर्ष 2014, 2019 और 2024 के चुनावों में भाजपा को जनादेश मिलने के बाद विपक्ष ने ईवीएम पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। उन्होंने दावा किया कि चुनाव आयोग की ओर से ईवीएम की विश्वसनीयता को लेकर खुली चुनौती दी गई थी, लेकिन विपक्ष का कोई प्रतिनिधि इसमें शामिल नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाने के बजाय विपक्ष को लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। शिक्षामंत्री ने अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर भी विपक्ष की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई की चर्चा होने पर विपक्ष संसद से वॉकआउट करता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की राजनीति वोट बैंक को ध्यान में रखकर की जा रही है। ढांडा ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोपों के समर्थन में ठोस तथ्य प्रस्तुत करने की मांग की।

न्यूज डायरी



निपुण हरियाणा मिशन के तीसरे चरण का प्रशिक्षण शुरू

बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में खंड षिक्षा अधिकारी सतेन्द्र सिंह के नेतृत्व में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत खंड स्तरीय प्रशिक्षण के तीसरे और अंतिम चरण की शुरुआत गुरुवार को की गई। 6 दिवसीय प्रशिक्षण 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगा। इससे पहले दो चरणों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक वीर शहीद श्री गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानी खेड़ा में आयोजित किया जा चुका है। खंड शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में खंड के सभी जेबीटी शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के पहले दिन शिक्षकों का प्री-टेस्ट लिया गया और पोस्ट-टेस्ट के माध्यम से सीखने के स्तर का मूल्यांकन किया जाएगा। प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए पूरी टीम ने जिम्मेदारी संभाली।



पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थी लेंगे कैंप में भाग

भिवानी। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला के तत्वावधान में जिला परियोजना संयोजक समग्र शिक्षा भिवानी द्वारा पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित एडवेंचर एवं नेचर स्टडी कैंप के लिए 140 विद्यार्थियों के दल को शुक्रवार को भिवानी जंक्शन से जैसलमेर (राजस्थान) के लिए रवाना किया गया। जिला परियोजना संयोजक शिव कुमार ने विद्यार्थियों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह कैंप 31 अक्टूबर से 4 नवंबर 2026 तक आयोजित होगा। जिला समन्वयक यूथ एंड इको क्लब्स फॉर मिशन लाइफ, भिवानी, कमल शर्मा ने बताया कि जिले के 14 पीएम श्री विद्यालयों से कुल 140 विद्यार्थी इस कैंप में भाग ले रहे हैं। इनमें 96 छात्राएं एवं 44 छात्र शामिल हैं। विद्यार्थियों की सुरक्षा, देखरेख एवं समन्वय के लिए 10 एस्कॉर्ट अध्यापकों की ड्यूटी लगाई गई है, जिनमें छह पुरुष अध्यापक एवं चार महिला अध्यापिकाएं शामिल हैं।



सीबीएलयू में लोक रागनियों ने बांधा समां

भिवानी। सभ्यता संस्कृति और नैतिक मूल्यों को कलाकारों ने सदैव एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य किया है। यह कहना है चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी का। वे आज ओल्ड कैंपस राधाकृष्णन सभागार में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय (सीबीएलयू) और उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सात दिवसीय 'विरासत कला के पांचवे दिन के लोक रागनी गायन कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. सुरेश मलिक, यशवीर जी, जगत नारायण भारद्वाज हरियाणा कला परिषद से रविंद्र श्योराण और एनसी जेडसीसी से मंथन कुमार सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

वोट चोरी व ईवीएम के विरोध में एक नवंबर को रोहतक में निकलेगी तिरंगा यात्रा : कुंडू



चरखी दादरी। वोट चोरी और ईवीएम के विरोध में आम आदमी पार्टी की ओर से एक नवंबर को रोहतक में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। मानसरोवर पार्क से शुरू होकर यह यात्रा अंबेडकर चौक तक पहुंचेगी। इसमें शामिल होने के लिए दादरी जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता और नागरिक रवाना होंगे। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य धनराज कुंडू ने बताया कि दादरी से कार्यकर्ताओं का काफिला एक नवंबर को तिकोना पार्क से रोहतक के लिए रवाना होगा। जिले के विभिन्न गांवों और शहरी वार्डों में कार्यकर्ताओं व आमजन से संपर्क किया जा रहा है। धनराज कुंडू ने कहा कि मतदाताओं का विश्वास बनाए रखने के लिए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी है। कामरेड सतबीर भागेश्वरी ने कहा कि मताधिकार की सुरक्षा को लेकर देश के नागरिक चिंतित हैं। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त से इस्तीफे की मांग करते हुए मामले की न्यायिक जांच करवाने की बात कही। आप नेता राकेश चांदवास ने आरोप लगाया कि सरकार जनता की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है।

आज होगा बाबा कमाल मंदिर में जागरण

बवानीखेड़ा। आज बवानीखेड़ा नगर के बाबा कमाल मंदिर में बाबा कमाल युवा सेवा समिति के तत्वावधान में विशाल माँ भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण का शुभारंभ रात्रि 9 बजे होगा और यह माँ की इच्छा तक चलेगा। इस भव्य आयोजन में हिसार से श्रद्धा जागरण ग्रुप विशेष रूप से पहुंचेगा। बाहर से आमंत्रित प्रसिद्ध भजन गायक भजनों के माध्यम से माँ भगवती का गुणगान करेंगे। जागरण में समाजसेवी मास्टर कृष्ण हांडा, सुरेन्द्र कुमार उर्फ रिंकू खुराना, हिसार की बाबा की परी और हांसी के विक्की सिंधु अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे।

जर्जर तारों को तुरंत ठीक करवाए सरकार

बाढड़ा। उपमंडल क्षेत्र में बिजली विभाग के पुराने, जर्जर और ढीले तार किसानों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। विगत दिनों गांव लाड में किसान नरेश कुमार तथा हाल ही में गांव गोविंदपुरा में किसान धर्मवीर की खेत में काम करते समय करंट लगने से मृत्यु हो गई। इन घटनाओं को लेकर इनेलो नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए बिजली विभाग से जर्जर तारों को जल्द ठीक करवाने और मृतक किसानों के परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। इनेलो हल्का प्रधान उद्यम सिंह उमरवास ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण किसानों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है, जो बेहद चिंताजनक है। खेतों में काम करने वाले किसान पहले ही अनेक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ऐसे में बिजली की ढीली और जर्जर तारों के कारण दुर्घटनाएं होना विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि विभाग को पूरे बाढड़ा क्षेत्र में बिजली की लाइनों की जांच करवाकर पुराने और नीचे लटक रहे तारों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक करवाना चाहिए।

Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

DIWALI DHAMAKA SALE

ON SHOPPING OF ₹6999 & ABOVE
2KG
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

31 Oct to 08 Nov

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
1LTR
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

WHOLESALE RATE KA HYPERMARKET ● ELENTA का वादा, बचत सबसे ज़्यादा I

FLAT 25% OFF
REAL FRUIT JUICE GREETINGS - GIFT PACK AND MORE.

BUY GET 1
MCVITIE'S GIFT PACK- NUTRAJ DRY FRUITS& MORE.

BUY GET 1
BTW - SOAN PAPDI - PISTA - RASGULLA

UPTO 66% OFF
FRESCA JUICE - CELEBRATING SATMOLA RASGULLA - SOAN PAPDI

BUY GET 1
MANIA CELEBRATION GIFTS

BUY GET 1
UNIBIC / MOHANS GIFT PACK - COOKIES - BISCUITS - CHOCOLATE & MORE.

BUY GET 1
HALDIRAM'S BESAN LADOO & PANJEERI LADOO

UPTO 50% OFF
CELLO GLASS - BOTTLES - MR.COOK HOME APPLIANCES

UPTO 40% OFF
LUMINARC/ROXX CROCKERY AND GLASSWARE

UPTO 50% OFF
RICH CRAFT CROCKERY

UPTO 40% OFF
ARCH FAB BED SHEETS - TOWEL

UPTO 50% OFF
MILTON MAYUR - WATER BOTTLES - TIFFEN AND MORE

Address - Meham Gate, Circular Rd, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.

CALL FOR OFFERS AND UPDATES +91 99960 31240

SCAN TO GET LOCATION

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.